एक नजर में

कांच का मंदिर में करेंगे चातुर्मास प्रवास

कानपुर : डा. संयम रत्न विजय और भुवनरत्न विजय कांच का मंदिर कमला टावर फीलखाना में चातुर्मास प्रवास करेंगे। उनके चातुर्मास का लाभ श्री धर्मनाथ जैन श्वेतांबर श्री संघ को मिल है। शनिवार को डा. संयम रत्न विजय और भुवनरत्न विजय बांठिया सदन बर्रा दो में पहुंचे शाम को भक्ति और आरती हुई। रविवार को रुद्र पैलेस बर्रा दो में सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक बहुमान प्रवचन होगा। (वि.)

बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोपित को भेजा जेल

बिल्हौर : अरौल क्षेत्र के गांव शुक्रवार शाम छह वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में 65 वर्षीय इमाम अली को जेल भेज दिया गया। पिता के मुताबिक कमरे से बेटी रोते हुई बाहर निकली। पूछताछ में बेटी ने बताया कि इमाम अली अश्लील हरकत कर रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया। संस

छेड़छाड़ का मुकदमा

बिल्हौर : ककवन के एक गांव निवासी युवती ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मार्च माह में घर में अकेली थी। आरोप है कि गिरजाशंकर घर में घुस आया और छेड़छाड़ व मारपीट की। शोर मचाने पर धमकी देकर फरार हो गया। थाना प्रभारी के मुताबिक मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संस

महिला ने लगाया मारपीट व धमकाने का आरोप

बिल्हौर : अरौल मकनपुर क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि शुक्रवार को बेटी के साथ घर जा रही थी। रास्ते में गांव निवासी युवकों ने बेटी को पकड़ने का प्रयास किया। बाइक से आ रहे पति को देख युवक गाली गलौज व पथराव करने लगे। आरोप है कि युवकों ने पति से मारपीट करते हुए गांव में न रहने देने की धमकी दी। संस

युवक ने जहर खाया

बिल्हौर : नसिरापुर गांव निवासी राहुल पुत्र महेंद्र कुमार ने शनिवार को घर में कहासुनी के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर में युवक की हालत बिगड़ गई। जानकारी पर स्वजन गंभीर अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां युवक की हालत काफी गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। संस

बदलेगा स्माल इंडस्ट्री का आधार, कंपनियों को मिलेगा लाभ

- स्माल कंपनियों की टर्नओवर सीमा 100 से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव
- तेज होंगी औद्योगिक गतिविधियां, सरकारी योजनाओं का मिल सकेगा अधिकाधिक लाभ

विधेयक वर्तमान में संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष विचाराधीन है, और अंतिम रूप से पारित होने से पहले अन्य संशोधन भी संभव है। छोटी और मध्यम दर्जे की कंपनियों के बारे में महत्वपूर्ण संशोधन होने की संभावना है।

सीरज वैभव अग्निहोत्री, पूर्व अध्यक्ष आइसीएसआइ कानपुर चैप्टर

जागरण संवाददाता,कानपुर : औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित बड़ी फैक्ट्रियां भी अब मध्यम दर्जा छोड़कर लघु उद्योग की श्रेणी में आने वाली हैं। इससे औद्योगिक गतिविधियां तेज होंगी और उद्योगों को सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिल सकेगा। इसकी वजह केंद्र सरकार का नया संशोधन प्रस्ताव है। इसके तहत अब 200 करोड़ रुपये का कारोबार करने वाली कंपनियां भी स्माल स्केल इंडस्ट्री मानी जाएंगी। अभी तक 20 करोड़ कारोबार वाली कंपनियों को ही स्माल स्केल में शामिल किया जाता था। कानपुर और कानपुर देहात में ऐसी कई कंपनियां हैं, जो अभी मध्यम उद्योग की श्रेणी में हैं।

संसद के 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में कंपनी कानून संशोधन अधिनियम-2026 को लाया जा सकता है। अभी यह बिल संयुक्त संसदीय समिति के पास है। प्रस्तावित अधिनियम में स्माल और मीडियम कंपनियों की परिभाषा बदलने का प्रस्ताव है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(85) के तहत परिभाषित "लघु कंपनी" के दायरे को बदलने से देश की हजारों निजी कंपनियों की स्थिति में बड़ा परिवर्तन आने की संभावना है। अभी तक लघु कंपनियों में उन्हें शामिल किया गया है जिनकी शेयर पूंजी 10 करोड़ रुपये से अधिक न हो, तथा वार्षिक टर्नओवर 100 करोड़ रुपये से अधिक न हो। संशोधन के तहत इन दोनों सीमाओं को लगभग दोगुणा करते हुए स्माल कंपनी का दायरा शेयर पूंजी की सीमा 20 करोड़ रुपये और वार्षिक टर्नओवर की सीमा 200 करोड़ रुपये तक करने का प्रस्ताव है।

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के कानपुर चैप्टर के पूर्व चेयरमैन और कारपोरेट विशेषज्ञ सीएस वैभव अग्निहोत्री ने बताया कि इस संशोधन के लागू होने पर बड़ी संख्या में मध्यम आकार की निजी कंपनियां, जो अभी तक टर्नओवर या पूंजी की सीमा पार करने के कारण "लघु कंपनी" के दायरे से बाहर थीं, अब इस श्रेणी में शामिल हो जाएंगी। इसका सीधा लाभ म्झोले व्यवसाय समूहों, पारिवारिक व्यवसायों और तेजी से बढ़ रहे स्टार्टअप्स को मिलेगा। अकेले कानपुर से ही पंजीकृत कंपनियों में 80-85 प्रतिशत पर इसका असर पड़ने वाला है।

क्या होगा फायदा : लघु कंपनी की श्रेणी में आने से कंपनियों को कंपनी अधिनियम के तहत कई अनुपालन संबंधी छूट प्राप्त हो जाएंगी। जिनमें शेयरों के डीमैटरियलाइजेशन की अनिवार्यता से छूट प्रमुख है। निजी कंपनियों को शेयर डीमैट कराने की जो बाध्यता है, उससे लघु कंपनियों को छूट प्राप्त होती है। दायरा बढ़ने पर अधिक कंपनियां इसका लाभ उठा सकेंगी। इसके साथ कैश फ्लो स्टेटमेंट तैयार करने की बाध्यता से छूट, वार्षिक साधारण सभा की सूचना अवधि तथा बैठकों की संख्या संबंधी शर्तों में सरलीकरण, आडिटर रोटेशन संबंधी प्रविधानों से छूट, बोर्ड की रिपोर्ट में सरलीकृत प्रकटीकरण की सुविधा व सामान्य कंपनियों की तुलना में लघु कंपनियों पर जुर्माने की राशि कम रखने के नियमों का लाभ उठा सकेंगी।

महफूज ने बनाया था 3200 करोड़ के जुर्म का साम्राज्य, राजदार रहे साझीदार

पुलिस ने महफूज समेत छह आरोपितों पर 1800 से अधिक पेज की चार्जशीट लगाई

3200 करोड़ का अवैध लेनदेन

- जीएसटी रिपोर्ट, 68 खातों का लेनदेन विवरण समेत साक्ष्य और वादी समेत 30 से अधिक गवाह शामिल
- जेल भेजे गए गिरोह के सात आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए उनकी संपत्ति कर रही चिह्नित

महफूज आलम ● जागरण आर्काइव

जागरण संवाददाता, कानपुर : 12 बैंकों के 68 खातों में 3200 करोड़ का अवैध लेनदेन कर महफूज आलम ने ही जुर्म का साम्राज्य तैयार किया था। उसके गिरोह के राजदार भी इस साम्राज्य में साझीदार रहे, लेकिन पुलिस ने महफूज के इस जुर्म के साम्राज्य को ध्वस्त कर गिरोह के 10 आरोपितों को सलाखों के पीछे भेज दिया। इस गिरोह के सरगना महफूज व उनके पांच राजदारों के खिलाफ चकेरी थाना पुलिस ने 1800 से अधिक पेज की चार्जशीट लगाई है, जिसमें जीएसटी की रिपोर्ट, 68 बैंक खातों का लेनदेन का विवरण, आरोपितों के मोबाइल पर मिले मैसेज, काल डिटेल रिपोर्ट समेत साक्ष्यों व वादी समेत 30 से अधिक गवाहों को शामिल किया गया है। डीसीपी पूर्वी ने अन्य पांच मुकदमों में भी जल्द चार्जशीट लगने की बात कही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी मुकदमा दर्ज कर गिरोह के बैंकिंग लेनदेन व आय के स्रोतों व संपत्ति का ब्योरा जुटा जांच कर रही है।

क्राइम ब्रांच व चकेरी और जाजमऊ थाना पुलिस ने 3200 करोड़ से अधिक के अवैध लेनदेन के मास्टरमाइंड स्लाटर हाउस व स्क्रैप कारोबारी जाजमऊ के जेके कालोनी निवासी महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी वाला, साले महताब आलम, उसके बेटे मासूम, गिरोह के राजदार फिरोज खान, यशोदा नगर के संजीव दीक्षित व महफूज का बेटे फैज, नितिन गौड़ को जेल भेजा था, जबकि एक साथी नूर आलम ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ जाजमऊ में एक और चकेरी थाने में पांच मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें चकेरी के एक मुकदमा, जिसमें न्यू आजाद नगर शिवपुरम निवासी अजय शुक्ला ने नितिन, महफूज, महफूज का बेटा व उसके अज्ञात साथियों पर मुकदमा कराया था। उस मुकदमे में नामजद आरोपितों के अलावा अन्य तीन आरोपितों संजीव दीक्षित, फिरोज व नूर आलम का नाम प्रकाश में आया। उन सभी के खिलाफ 1800 से अधिक पेज की चार्जशीट लगाई गई है, जिसमें गिरोह का मास्टरमाइंड महफूज आलम की बनाया गया है। जांच में उसके इस अपराध में साथियों की भी संलिप्ता मिली है। विवेचना में सामने आया कि ये गिरोह कम पढ़े-लिखे, मजदूर-पेंटर समेत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को लाभार्थी योजना दिलाने, स्वास्थ्य बीमा समेत योजनाओं का लालच देकर उनके दस्तावेजों से बैंक खाते खुलवा लेता था। बैंक खातों में लगाई गई एपीएमसी (कृषि उपज विपणन समिति) प्रमाणपत्र भी फर्जी निकले थे। आरोपितों पर दर्ज अन्य मुकदमों में भी चार्जशीट तैयार की जा रही है। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि एक मुकदमे में छह आरोपितों पर चार्जशीट लगाई गई है। इस गिरोह के सदस्यों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी।

ऐसे हुआ गिरोह का पर्दाफाश

श्याम नगर में 16 फरवरी को यशोदा नगर के वासिद व साथी अरशद को तमंचा लगा लूट हुई थी, लेकिन पुलिस के पहुंचने पर उन लोगों ने लूट होने से इन्कार कर दिया था। क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस ने जांच की तो पता चला कि दोनों युवक महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी वाला के लिए काम करते थे। उस दिन दोनों महफूज के बताने पर फूलबाग के आइडीबीआइ बैंक के खाते से 3.20 करोड़ निकाले थे, जिसमें कुछ लोगों को 2.95 करोड़ देकर बाकी बचे 25 लाख लेकर महफूज को देने उसके घर जा रहे थे। मामले में लूट करने वाले चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

निवेश राशि का भुगतान और 40 हजार रुपये हर्जाना दे कंपनी

जासं, कानपुर : जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने निवेश की परिपक्वता राशि 1,05,700 का भुगतान करने का आदेश दिया है। परिपक्वता के दिन 11 दिसंबर 2018 से भुगतान की तारीख तक नौ प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। 40 हजार हर्जाना व 15 हजार वाद खर्च भी देना होगा।

हेमंत बिहार बर्रा दो निवासी जसविन्दर कौर ने प्रबंधक सहारा इंडिया अलीगंज लखनऊ व काकादेव शाखा के प्रबंधक के खिलाफ आठ फरवरी 2022 को मुकदमा दाखिल किया था। इसमें कहा था कि उन्होंने दो जून, नौ और 11 2012 को तीन पालिसी बांड सहारा क्यू शाप यूनिक प्रोडक्टर रैंज लिमिटेड के अंतर्गत एडवांस फार क्यू शाप गुडस प्लान के तहत लिए थे। यह 21750, 9350 और 21750 नकद जमा किया था। इन बांड की परिवक्ता राशि साढ़े छह वर्ष में दोगुणी होनी थी। तय समय के बाद भुगतान के लिए प्रार्थनापत्र दिया। बताया गया कि तीनों पालिसियां तीन वर्ष की अन्य स्कीम सुपर बीबी में परिवर्तित कर दी या तीन वर्ष में दोगुणा कर भुगतान किया जाएगा। तय अवधि के बाद जुलाई 2021 में भुगतान को कहा। उत्तर न मिलने पर 30 सितंबर 2021 को नोटिस दिया गया। फिर भी विपक्षी कंपनी ने अपना पक्ष नहीं रखा। आयोग अध्यक्ष विनोद कुमार, सदस्य नीलम यादव व वन्दना सिंह ने फैसला सुनाया।

सुधांशु महाराज ने बताया गुरु का महत्व

सिद्धिधाम आश्रम में प्रवचन करते सुधांशु महाराज ● संस्था

जागरण संवाददाता, कानपुर : बिठूर के बैकुंठपुर स्थित सिद्धिधाम आश्रम में शनिवार को विश्व जगृति मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु महाराज का श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, आरती और जयघोष के साथ स्वागत किया। मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद आयोजित सत्संग में उन्होंने कहा कि जब समय प्रतिकूल हो तो भगवान शिव की आराधना करनी चाहिए। उन्होंने भगवान शिव को आदि गुरु बताते हुए कहा कि सनातन परंपरा में भगवान से पहले गुरु की पूजा का विशेष महत्व है। समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि लोककल्याण के लिए विषपान करने के बाद भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया गया, तभी से यह परंपरा शुरू हुई। उन्होंने गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा रखने का आह्वान किया। आचार्य रजनीश भट्ट ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे मंत्र दीक्षा तथा शाम चार बजे से सात बजे तक गुरु पादुका पूजन एवं सत्संग का विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। रामनाथ अग्रवाल, कमलेश तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, अजय अग्रवाल, कृष्ण मोहन शुक्ल, राम सजीवन उपस्थित रहे।

याद किए कालेज के दिन, नृत्य-गायन से बांधा समां

रेवड़ी में जेसीआइ ब्रह्मावर्त की कालेज प्रोम नाइट में मौजूद सदस्य ● जागरण

जासं, कानपुर : पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा...जैसे गानों की धुन पर जेसीआइ ब्रह्मावर्त के सदस्य थिरक रहे थे। हर तरफ उत्साह व उल्लास दिखाई दे रहा था। ऐसा लग रहा था मानो कालेज की जिंदगी दोबारा लौट आई हो। सभी कालेज के दिनों की यादें साझा कर रहे थे। मौका था जेसीआइ ब्रह्मावर्त की ओर से रेव-प्रो में आयोजित कालेज प्रोम नाइट का। प्रोम नाइट पार्टी में एक पल तो अब हमें जीने दो...जैसे गीतों पर नृत्य की जुगलबंदी से समां बंधा रहा। सदस्यों ने कालेज के दिनों को याद करते हुए उस दौर के किस्से सुनाए। स्कूल के कालेज के दिनों को याद कर कहा कि उससे अच्छे दिन कोई हो नहीं सकते। जेसीआइ ब्रह्मावर्त के सदस्यों ने खेलों के माध्यम से मनोरंजन किया। एक दूसरे को कालेज के जमाने के फोटो भी दिखाए। पार्टी में जेसीआइ ब्रह्मावर्त के अध्यक्ष केतन टक्कर, बिंद्रा टक्कर, डा.हेमंत मोहन, डा. आरती मोहन, तरुण सहगल, रितेश आरती शाह, अमित रुचि जैन, अंकिता गुप्ता, विशाल जिंदल, जसलीन करण रहे।

सेवा संस्थान ने 83 मेधावियों का किया अलंकरण

जासं, कानपुर : काकादेव स्थित सेवा संस्थान में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई, आइसीएससी की हाईस्कूल परीक्षा 2026 के मेधावी छात्रों का अलंकरण किया गया। सभा अध्यक्ष पूर्व महापौर जगतवीर सिंह द्रोण, मुख्य अतिथि नीलिमा कटियार, विशिष्ट अतिथि डा.इन्द्र मोहन रोहतगी, चेयरमैन यूनाइटेड एजूकेशन सोसाइटी, अतिथि डा.अमर सिंह, आरके गुप्ता, भावना गुप्ता, गोविन्द महेश्वरी ने प्रतिष्ठित 26 विद्यालयों के 83 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का अलंकरण किया। संस्थान अध्यक्ष आनन्द शंकर गुप्ता ने सेवा संस्थान की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। सीपल कानोडिया, डा. टीएस कालरा आदि मौजूद रहे।

डंपर ने स्कूटी सवार बेटी को रौंदा, पिता घायल

संवाद सहयोगी, जागरण ● शुक्लागंज : जाजमऊ पुलिस चौकी के सामने कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक डंपर ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। स्कूटी सवार पिता व उसकी बेटी सड़क पर गिर गए। बेटी की डंपर से कुचल जाने से मौके पर ही मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शनिवार रात लगभग आठ बजे हुई। घटना के बाद कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक घंटे तक जाम लगा रहा। जाम गंगापुल तक रहा।

जूविया (फाइल फोटो) ● साजन

कानपुर के थाना जूही क्षेत्र के परमपुरवा निवासी मोहम्मद आबिद अपनी पुत्री 13 वर्षीय जुब्बिया के साथ स्कूटी से कानपुर से लखनऊ जा रहे थे। जाजमऊ चौकी के सामने पीछे से आ रहे डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। पिता व पुत्री सड़क पर गिर गए। डंपर से कुचलकर जुब्बिया की मौत हो गई। पुलिस ने दिवंगत जुब्बिया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल पिता मोहम्मद आबिद को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। घटना के बाद जाम लग गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जाम खुलवाया। हादसे के लगभग एक घंटे बाद यातायात सुचारु हो सका। जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनोद सिंह ने बताया कि डंपर चालक डंपर छोड़कर भाग निकला है। डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। चालक की तलाश की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

किराना दुकानदार को मिट्टी लदे डंपर ने मारी टक्कर, मौत : धेनू : मझावन कस्बे में शुक्रवार रात डंपर की टक्कर से दुकान बंद कर स्कूटर से घर लौट रहे किराना दुकानदार की मौत हो गई। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग निकला। मझावन निवासी 35 वर्षीय सौरभ कुमार की कस्बे में किराने की दुकान है। शुक्रवार रात वह दुकान बंद कर स्कूटर से घर लौट रहे थे। चौराहे के पास निर्माणाधीन रिंग रोड के लिए मिट्टी लेकर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनके स्कूटर में पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन ने उन्हें सीएचसी बिधनू में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पति का शव देख पत्नी प्रियंका बेसुध हो गई। वहीं मां राजरानी का रो रोकर बुरा हाल था। थाना प्रभारी ने बताया कि डंपर कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

संस, जागरण ● कल्याणपुर : रावतपुर में बाइक की टक्कर से साइकिल सवार राजमिस्त्री की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार भाग निकला। सैयद नगर निवासी 50 वर्षीय राजमिस्त्री गोकुल प्रसाद के परिवार में पत्नी रजनी पाल, बेटा हिमांशु पाल व बेटी रोशनी और रुपाली है। हिमांशु ने बताया कि पिता मसवानपुर में एक मकान में निर्माण कार्य कर रहे थे। शनिवार को वह अपनी साइकिल से घर रखना खाने आ रहे थे, तभी अशोक वाटिका चौराहे के पास पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार उन्हें टक्कर मारते हुए निकल गया। सिर पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रावतपुर थानाध्यक्ष कमलेश राय ने बताया कि बाइक सवार की पहचान के लिए सीसी कैमरे जांचे जा रहे हैं।

लिफ्ट लेकर काट दी जेब, 23 हजार रुपये की लगाई चपत

जासं, कानपुर : बर्रा में एक सेल्समैन से रुपैबाजी हो गई। लिफ्ट लेकर आरोपित ने उसकी जेब में रखे 23 हजार रुपये निकालकर उतरकर भाग गया।

कर्रही बंबा रोड निवासी सेल्समैन राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार शाम वह मार्केट से लौट रहे थे। दामोदर नगर मोड़ के पास बाइक सवार दो लोगों ने उन्हें रोका और कहा कि आगे एंबुलेंस में उनका मरीज जा रहा है। वह मरीज की रिपोर्ट घर पर भूल आए। उनके साथी को आगे तक छोड़ दें। उसे बाइक में बैठा लिया। काठ की पुलिया के पास जाम लगा था, तभी पीछे बैठा व्यक्ति बाइक से उतरकर भाग निकला। बाद में देखा तो उनकी पैंट की जेब कटी थी और उसमें रखे 23 हजार रुपये गायब थे। पुलिस ने कैमरे खंगाले तो दोनों आरोपित नजर आए। बर्रा थानाप्रभारी ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही है।

पेंटर की संदिग्ध हालात में मौत, पत्नी पर दीवार से सिर भिड़ाकर मारने का आरोप

- पोस्टमार्टम हाउस में दोनों परिवार आमने-सामने आने पर हंगामा
- पत्नी बोली- शराब ज्यादा पीने बिगड़ी तबीयत, जांच शुरू

पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा करते लोग ● वीडियो वीब

जागरण संवाददाता, कानपुर : कल्याणपुर के बरासिरोही में पेंटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस में दिवंगत के स्वजन व पत्नी के मायकेवाले एक-दूसरे के सामने आए तो हंगामा होने लगा। दिवंगत की बहनों ने भाभी पर भाई का सिर दीवार से भिड़ाकर हत्या करने का आरोप लगा हंगामा किया। वहीं, पत्नी ने कहा कि पति शराब ज्यादा पीते थे, जिसकी वजह से उनकी तबीयत बिगड़ी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उनकी मौत हुई।

पेंटर 40 वर्षीय रमेश के परिवार में पत्नी नीलम, बेटा शशांक और बेटी सिमरन हैं। पत्नी के मुताबिक, पति कई दिनों से ज्यादा शराब पीने लगे थे। गुरुवार को वह काम से लौटते समय वर्मा में भीग गए थे। घर पहुंचने पर सीढ़ियों के पास गिर पड़े। कुछ देर बाद फिर वह शराब पीने चले गए। रात में लौटे और खाना खाकर सो गए। शुक्रवार सुबह काफी देर तक न उठने पर उन्हें जगाने का प्रयास किया। उसकी हालत गंभीर होने पर परिवार की जानकारी देकर उन्हें कल्याणपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शुक्रवार शाम डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर अस्पताल पहुंचीं रमेश की बहन माया और मंजू ने भाभी व उनके बच्चों पर भाई को पीटने व सिर दीवार से भिड़ाकर हत्या करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि भाई की तबीयत बिगड़ने की सूचना तक नहीं दी गई। कल्याणपुर थाना प्रभारी केशव तिवारी ने बताया कि स्वजन को समझाया गया है। डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियां तेज

जागरण संवाददाता, कानपुर : संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को एसडीएम सदर अनुभव सिंह और 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के टीम कमांडर निरीक्षक दीपक कुमार कमलिया ने संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया।

एसडीएम सदर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ पूर्व सभी तैयारियां समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरी की जाएं। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। एनडीआरएफ के टीम कमांडर निरीक्षक ने कहा कि 11वीं वाहिनी किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव अभियान चलाकर जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

सीवेज के शोधित पानी से ठंडी हो रहीं पावर प्लांट की मशीनें

60 एमएलडी पानी प्रतिदिन पावर प्लांट को किया जा रहा आपूर्ति

डीएम ने बिनगवां टर्सरी ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

बिनगवां स्थित ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ● सूचना विभाग

जागरण संवाददाता, कानपुर : शहर में जल संरक्षण और अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग की दिशा में बिनगवां स्थित 40 एमएलडी क्षमता का टर्सरी ट्रीटमेंट प्लांट (टीटीपी) प्रभावी ढंग से संचालित हो रहा है। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को प्लांट का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि करीब 249.92 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस परियोजना से प्रतिदिन 40 एमएलडी शोधित पानी पनकी थर्मल पावर प्लांट को दिया जा रहा है, जिससे सिंचाई योग्य ताजे पानी की बचत हो रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि बिनगवां के 210 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में सेकेंडरी ट्रीटमेंट के बाद सीवेज को टर्सरी ट्रीटमेंट प्लांट में लाया जाता है। यहां आरओ (रिवर्स आस्मोसिस) और यूएफ (अल्ट्रा फिल्ट्रेशन) मेम्ब्रेन आधारित तकनीक से सीवेज के पानी का शोधन किया जा रहा है। इसके बाद 18 किमी लंबी पाइपलाइन के जरिए यह शोधित जल पनकी थर्मल पावर प्लांट के कूलिंग टावरों तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्ता का पानी उपयोग होने से कूलिंग सिस्टम और बायलर में स्केलिंग व जंग लगने की समस्या नहीं होती, जिससे संयंत्र की कार्यक्षमता बनी रहती है और रखरखाव लागत भी घटती है।

डीएम ने कहा कि पहले शोधित सीवेज नहरों के जरिए नदियों में चला जाता था, लेकिन अब उसका ऊर्जा उत्पादन में उपयोग हो रहा है। इससे किसानों के लिए सिंचाई योग्य ताजा पानी सुरक्षित रह रहा है और नदियों में अपशिष्ट जल प्रवाह भी कम हुआ है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी द्वारा निर्मित और उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा संचालित यह आरओ-यूएफ आधारित प्रदेश का पहला टर्सरी ट्रीटमेंट प्लांट है, जो जल संरक्षण और औद्योगिक जल प्रबंधन का प्रभावी माडल बनकर उभरा है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

शाखा: कन्नौज, बड़ा बाज़ार, कन्नौज (उ.प्र.), भारत, मो- 8477009387 ई-मेल: blykan@bankofbaroda.com

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट-IV एवं नियम 6 (2) व 8(6) के प्रावधान देखें,

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(2) व 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषतः ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी/प्रगारित/गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रत्याभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु "जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है" के आधार पर की जाएगी।

ऋणकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/गारंटरों/प्रत्याभूतित परिसंपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

ई-नीलामी की तिथि: 24.08.2026 | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 23.08.2026 सायं 04.00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	1. ई-नीलामी की तिथि 2. ई-नीलामी का समय (प्रत्येक समय के समक्ष घण्टा 02)	1. आरक्षित धनराशि/ 2. बोली वृद्धि राशि 3. नि:क्षेपदायी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	सुनील कुमार कुशवाह, पता: मकान सं. 1/728, अम्बेडकर पुरम आवास विकास योजना सं. 3, कल्याणपुर, कानपुर, पिन कोड: 208017	भूमि व भवन के सभी भाग व खण्ड स्थित मकान सं. 1/728, अम्बेडकर पुरम, आवास विकास योजना सं. 3, कल्याणपुर, कानपुर नगर, क्षेत्रफल 118.75 वर्ग मीटर चौहद्दी: पूर्व: 7.50 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिम: प्लॉट सं. 1/786, 1/788, उत्तर: प्लॉट सं. 1/728, दक्षिण: प्लॉट सं. 1/727	ई-नीलामी की तिथि: 24.08.2026 ई-नीलामी का समय: दोपहर 02:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक	1. रु0 32,12,709/ (बाजिब मूल्य) 2. रु0 9,21,270/- (वृद्धि धनराशि) 3. रु0 50,000/- (न्यूनतम नि:क्षेपदायी राशि)	सांकेतिक कब्जा	22.08.2026 प्रातः समय: शाम 4:00 बजे से दुपहर समय: शाम 5:00 बजे

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं Baanknet.com पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर 8477009387 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 17.07.2026 स्थान: कानपुर हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा